कक्षा 4 के छात्रों के लिए अध्यापक उन्हीं सभी विषयों पर रिपोर्ट करते हैं जैसे कि किंडर गार्टन कक्षा से कक्षा 3 तक के छात्रों के लिए।
लेकिन, कक्षा 4 में अधिकांश स्कूल टिप्पणियों के साथ-साथ, लैटर ग्रेड को रिपोर्ट में इस्तेमाल करते हैं।

कक्षा 5, 6, और 7 के छात्रों के लिए अध्यापक उन्ही विषयों पर रिपोर्ट करते हैं जैसे कि किंडर गार्टन से कक्षा 4 तक के छात्रों के लिए।
लेकिन, कक्षा 5 से प्रारंभ, छात्रों को एक अतिरिक्त भाषा का अध्ययन करना होता है। बहुधा मामलों में यह भाषा फ्रांसीसी (फ्रेंच) होती है।
कक्षा 4 की रिपोर्टों की तरह, अधिकतर छात्रों को टिप्पणियों के साथ लैटर ग्रेड प्राप्त होते हैं।
कक्षा 8 के छात्रों के लिए अध्यापक उन्ही विषयों पर रिपोर्ट करते हैं जैसे कि किंडर गार्टन से कक्षा 7 तक के छात्रों के लिए।

कक्षा 8 से प्रारंभ, छात्र ललित कला के क्षेत्र में निम्नलिखित में से एक विषय का चुनाव कर सकते हैं: नृत्य, नाटक, संगीत, या दृश्य कला।
इसके अलावा, छात्र व्यवहारिक योग्यताएं (Applied Skills) देने वाले एक पाठ्यक्रम का चयन करते हैं जिनमें प्रौद्योगिकी (technology) शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, गृह अर्थशास्त्र, या व्यवसायिक शिक्षा शामिल हो सकते हैं.
लैटर ग्रेड प्रत्येक सत्र में प्रत्येक विषय पर दिया जाता है।
9 से 12 कक्षाओं में शिक्षक छात्रों के सभी विषयों पर रिपोर्ट करते हैं। शिक्षक-परामर्शदाता सुनिश्चित करते हैं कि छात्र उन्ही विषयों का चयन करें जिनकी उन्हें स्नातक बनने के लिए आवश्यकता होगी। यदि छात्र सैकेंडरी स्कूल के बाद किसी विशिष्ट संस्था में प्रवेश पाने के इच्छुक होते हैं तो शिक्षक परामर्शदाता यह सुनिश्चित करते हैं कि उन्होंने आवश्यक पाठ्यक्रम का चयन किया हुआ है। अधिक जानकारी के लिए कृपया **बी सी की स्नातक आवश्यकताएँ** ब्रोशर देखें।

VSB

"Report Cards in BC"

[Hindi]

यह ब्रोशर वैनकूवर स्कूल बोर्ड के सैटलमेंट वर्कर्ज़ (VSB SWIS) द्वारा प्रायोजित किये गए कई ब्रोशरों में एक है। इसकी रचना कुछ ई.एस.एल. (ESL/ELL) शिक्षकों तथा वैनकूवर स्कूल बोर्ड के मल्टीकल्चरल लिएजों वर्कर्ज़ (VSB MCLW) ने की है।

Canada WelcomeBC

यह ब्रोशर कनाडा और ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत की सरकार से धन के माध्यम से संभव बनाया गया है।

बी सी में रिपोर्ट कार्ड

माता पिता के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण सूचना

रिपोर्ट कार्ड क्या हैं?

रिपोर्ट कार्ड आपके बच्चे की प्रगति का विवरण देने के लिए आपके बच्चे के शिक्षक द्वारा लिखित कानूनी दस्तावेज होते हैं।

कितनी बार रिपोर्ट कार्ड घर भेजे जाते हैं?

औपचारिक लिखित रिपोर्टें वर्ष में तीन बार घर भेजी जाती हैं। एकदम सही तिथियाँ प्रत्येक स्कूल में भिन्न भिन्न होती हैं। इसके अलावा, दो अनौपचारिक रिपोर्टें भी होती हैं। इनमें शामिल हैं

- टेलीफोन कॉल;
- ईमेल;
- छात्र - नेतृत्व वाले सम्मेलन;
- माता पिता - शिक्षक सम्मेलन, या
- आपके बच्चे के एजेंडा / प्लैनर में लिखे नोट।

रिपोर्ट कार्ड में कौन सी जानकारी शामिल होती है?

रिपोर्ट कार्ड में बच्चे की शैक्षिक प्रगति और बच्चे के व्यवहार, कार्य शैली और प्रयास के ब्योरे की जानकारी माता पिता को प्रदान की जाती है। सभी रिपोर्ट कार्डों में निम्नलिखित जानकारी शामिल होती है:

- स्कूल का नाम, पता और फोन नंबर
- आपके बच्चे का नाम;
- रिपोर्ट लिखने वाले शिक्षक (कों) के नाम और हस्ताक्षर;
- स्कूल के प्रिंसिपल या उप - प्राचार्य के नाम और हस्ताक्षर;
- लैटर ग्रेड और कार्य प्रवृत्ति के प्रतीकों के अर्थों का स्पष्टीकरण;
- आपके बच्चे के देर से पहुँचने और स्कूल में अनुपस्थित रहने के दिनों की संख्या;
- आपके बच्चे की शक्तियों और उपलब्धियों का ब्यौरा;
- भविष्य में सीखने के लक्ष्य; और
  घर में शिक्षा को प्रोत्साहन देने के तरीके।

किंडर गार्टन से कक्षा 7 के छात्रों के माता पिता रिपोर्ट कार्ड रख लेते हैं, लेकिन यह स्वीकार करने के लिए कि उन्होंने रिपोर्ट देख ली है, उनसे रिपोर्ट कार्ड के लिफाफे पर हस्ताक्षर मांगे जाते हैं। तब ये लिफाफे स्कूल को लौटा दिए जाते हैं और अगली रिपोर्टिंग अवधि के लिए इनका फिर से इस्तेमाल किया जाता है।

शिक्षक किन विषयों पर रिपोर्ट करते हैं?

शिक्षकों के लिए छात्र की हर विषय में कक्षा स्तर की अपेक्षाओं को पूरा करने की क्षमता के बारे में लैटर ग्रेड और / या टिप्पणी देना आवश्यक है।

प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि में अधिकांश विषयों पर रिपोर्ट की जाती है। किंडर गार्टन से कक्षा 3 में प्रगति की जानकारी केवल टिप्पणियों द्वारा दी जाती है।

किंडर गार्टन, कक्षा 1, 2, और 3 के छात्रों के लिए शिक्षक निम्न लिखित पर रिपोर्ट देते हैं:

- अंग्रेजी भाषा कला (सुनना, बोलना, पढ़ना, लेखन, देखने, और प्रतिनिधित्व);
- सामाजिक ज्ञान;
- गणित;
- विज्ञान;
- शारीरिक शिक्षा;
- ललित कलाएँ (नृत्य, नाटक, संगीत, और दृश्य कला);
- स्वास्थ्य और जीविका सम्बन्धी शिक्षा, और
- दैनिक शारीरिक गतिविधि।